<u>GLIMPSES OF CO-CURRICULAR ACTIVITIES</u>






**अमर उजाला** **रामपु**



कॉलेज के प्राध्यापक पोस्टर के माध्यम से जागरूक करते हुए। -संवाद

# विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियम बताए

रामपुर बुशहर। सड़क सुरक्षा क्लब और आरटीओ रामपुर के सौजन्य से कॉलेज सभागार में एक दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आरटीओ रामपुर नरेश शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहें। उन्होंने सड़क सुरक्षा, यातायात से संबंधित सावधानियां बरतने के बारे में लोगों को जागरूक किया। छात्रों और उपस्थित प्राध्यापकों से आग्रह किया की दुर्घटना के समय मदद के लिए आगे आएं और एक शिक्षित एवं समझदार नागरिक होने का परिचय दें। सड़क सुरक्षा के बारे में सभी लोगों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों से अवगत करवाया गया। आरटीओ रामपुर ने सड़क सुरक्षा संबंधित पुस्तकें भी वितरित की। संवाद



दैनिक सवेरा टाइम्स

# रामपुर कॉलेज के विद्यार्थियों ने निरथ में सूर्य मंदिर देखा

**सवेरा न्यूज/मीनाक्षी** (रामपुर बुशहर), 20 नवंबर : राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर के इतिहास विभाग ने बीए तृतीय वर्ष के छात्रों को शैक्षिक भ्रमण के लिए निरथ ले जाया गया। इस भ्रमण के दौरान छात्रों ने निरथ में निर्मित सूर्य मंदिर का भ्रमण किया। डॉ विपन शर्मा के नेतृत्व में इस मंदिर की मूर्तिकला एवं वास्तुकला की जानकारी दी गई। छात्रों को इस भ्रमण में ले जाने का उद्देश्य उनको उनके पाठ्यक्रम में कला विषय की व्यवहारिक जानकारी देना था। लगभग 50 छात्र एवं छात्रायें इस भ्रमण में शामिल हुए। पुजारी ने इसकी प्राचीनता एवं किवदंतियों से अवगत कराया। इसके पश्चात डॉ विपन शर्मा जोएक पुरातत्वविद भी है ने मंदिर की वास्तु कला और मूर्ति कला की विस्तृत जानकारी छात्रों को प्रदान की।

SHIMLA SAVERA Edition
Nov 21, 2023 Page No. 3
Powered by : eReleGo.com



रामपुर बुशहर। राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में बुधवार को सोच लिटरेरी सोसायटी द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए जो आसपास के स्लम एरिया में रहते हैं, शीतकालीन वस्त्र संग्रह का आयोजन शुरू किया गया। यह कार्यक्रम 06 दिसंबर से 22 दिसंबर तक चलेगा। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के वाइस प्रिंसिपल विद्या बंधु नेगी द्वारा किया गया। इस मौके पर सोसाइयटी के अध्यक्ष रोहित ठाकुर ने बताया कि बहुत से ऐसे लोग स्लम एरिया में रहते है जो सर्दी में बहुत सारे गर्म कपड़े अफोर्ड नहीं कर सकते, तो ये उनकी साहित्यिक सोसायटी की एक छोटी से कोशिश है, उन लोगों की मदद करने की। इस मौके पर अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश नेगी, डाक्टर नरेंद्र नेगी, प्रोफेसर प्रियंका, महासचिव आर्ची ठाकुर, संयुक्त सचिव कल्पना नेगी, प्रियंका, सुजल, प्रियल, इशानी, पलक, गौतम, अतुल, विवेक और अन्य सदस्य भी मौजूद रहे

LNI LOCAL NEWS OF INDIA
लोकल न्यूज़ ऑफ इंडिया
नई दिल्ली, बुधवार, 01 नवंबर 2023


# 'इकोनोमिक सोसाईटी' अर्थशास्त्र विभाग ने महाविद्यालय के महिला सदस्यों के लिए मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन



यशवंत पटेल

**लोकल न्यूज़ ऑफ़ इंडिया।** राजकीय महाविद्यालय रामपुर में करवा चौथ के अवसर पर इकोनोमिक सोसाईटी अर्थशास्त्र विभाग ने महाविद्यालय के महिला सदस्यों के लिए मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें डॉ० विद्या बन्धु नेगी उप प्राचार्य बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और इस आयोजन की सराहना की। प्रतियोगिता में करीना शर्मा कला स्नातक तृतीय वर्ष, नेहा बी.एस. सी प्रथम वर्ष व सोनिका एम. कॉम. प्रथम सत्र को बेहतर मेंहदी लगाने के लिए कमशः तृतीय, द्वितीय व प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। प्रतियोगिता में डॉ० आशा गर्ग, डॉ० अनिता कुमारी व डॉ० शिवाली ठाकुर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन सोसाइटी के मुख्य सलाहकार प्रो० अनिल वर्मा के भाषण से हुआ। मुख्य रूप से प्रो. प्रोमिला ठाकुर, प्रो. नोरबू नेगी, प्रो. योजना नेगी, डॉ. सतपाल, प्रो. पुष्पा व अमर नेगी सहित, सोसाइटी की अध्यक्षा करीना शर्मा सहित सभी सदस्य मौजद रहे।



**रामपुर बुशहर।** गोविंद बल्लभ पंत महाविद्यालय रामपुर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया। इसमें कॉलेज प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया छात्रों को मानसिक बीमारियों से पीड़ित लोगों के प्रति सहानुभूति रखने के लिए प्रेरित किया।

आने
ल

प एक ट्रक
ल हो गया।
य लोगों की
।। पुलिस ने
लया है।
मय कामगार
फ तहसील
ड्यूटी करके
लिए जा रहे
दीक पहुंचा
लगने से यह

य लोगों की
ल ले जाया
लिस ने ट्रक
लाने के का

ओं ने
गुर

त्राओं को
आत्मरक्षा का
क्षण शिविर

हिला आरक्षी
गुर सिखाए।

# पीजी कॉलेज में सजी सुरों की महफिल

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। रामपुर गोविंद बल्लभ पंत महाविद्यालय में शनिवार को सुरों की महफिल सजी। पीजी कॉलेज सभागार में तीन दिवसीय इंटर कॉलेज युवा महोत्सव समूह -2 के मुकाबले शनिवार से शुरू हो गए हैं। युवा महोत्सव में प्रदेश के 53 महाविद्यालयों की 655 छात्र-छात्राएं भाग ले रही हैं। महोत्सव के पहले दिन विधा में 18 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने सुरों से समा बांधा।

कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन, एकल ताल वाद्य, तार युक्त वाद्य, भारतीय सुगम संगीत, पाश्चात्य संगीत, भारतीय समूह गान, पाश्चात्य समूह गान, लोकगीत, लोक वाद्यवृंद में प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। तीन दिवसीय इस युवा महोत्सव का शुभारंभ जिला परिषद शिमला की अध्यक्ष चंद्रप्रभा नेगी ने किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि विद्यार्थियों के लिए इस तरह के आयोजन उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए बेहतर मंच प्रदान करते हैं । संगीत हम सभी के मन को सुकून देता है। युवा महोत्सव समूह-2 के आयोजन अध्यक्ष एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पंकज बसोतिया ने महाविद्यालय में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की संगीत भाषा का और चेतना का उच्चतम स्तर है।



राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में युवा महोत्सव में संगीत की प्रस्तुति देते कलाकार। -संवाद

## अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव समूह-2 का आगाज 655 प्रतिभागी ले रहे भाग

सृष्टि की हर कृति में संगीत है। उन्होंने सात सुरों का बहता दरिया तेरे नाम गीत भी गाया। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय शास्त्रीय गायन (एकल) से हुई। इसमें 18 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में डॉ. अशोक, डॉ. जगमोहन शर्मा, सुरजीत सिंह पटियाल ने निभाई।

इस मौके पर जिला परिषद सदस्य बिमला शर्मा, पीटीए प्रधान चेतन पाकला, मुख्य सलाहकार राजेश गुप्ता, महाविद्यालय के सभी टीम प्रभारी और कॉलेज के अध्यापक अन्य उपस्थित रहे।

## धामी कॉलेज में

नगर निगम चंडीगढ़





## विज्ञान प्रदर्शनी

**रामपुर बुशहर।** रामपुर कॉले में रसायन विभाग और जीव विज्ञान विभाग ने विज्ञान से संबंधित एक प्रदर्शनी का आयोजन कॉलेज के सभागार में किया गया। इसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ. पंकज बसोतिया ने किया। कार्यक्रम के दौरान जल शोधन जल आसवन में विनित, तनुजा, तमना और अरुण ने पहला स्थान हासिल किया। अकार्बनिक और कार्बनिक यौगिकों से बायोप्लास्टिक और ट्री स्प्रे तेल का संश्लेषण में अनिश, तान्या और हेमराज ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। हीमोडायलिसिस मोनिका, ईशिता और आयुषी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

हिमाचल दस्तक